19/11/25 पत्रावली खोलने आदेश हेतु पेश
हुयी। वकील पक्षकारान उपस्थित। पत्रावली का
अध्ययन किया। आपत्ति का प्रा० पत्र खारिज
किया जाता है। विस्तृत निर्णय अलग से
लिखा जाकर शामिल किया। पत्रावली फैसल
शुमार होकर नम्बर से कम होकर बाद जाब्ते
दाखिल दफ्तर हो।

उपखण्ड अधिकारी

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बहरोड़ कोटपूतली–बहरोड़ (राज.)

पीठासीन अधिकारी – रामकिशोर मीणा (आर.ए.एस)

मुकदमा नम्बर :–180 / 2022

दायर दिनांक :– 23.08.2022

निर्णय दिनांक :– 13/11/25

उनवान

1. बंगाली पुत्र रामसुखा जाति मीणा निवासी हमजापुर तहसील बहरोड़।
2. रघुवीर पुत्र रामसुखा जाति मीणा निवासी हमजापुर तहसील बहरोड़।
3. लालचन्द पुत्र रामसुखा जाति मीणा निवासी हमजापुर तहसील बहरोड़।
4. विक्रम सिंह पुत्र रामसुखा जाति मीणा निवासी हमजापुर तहसील बहरोड़। ..वादी

बनाम

1. लैण्ड होल्डर जरिये तहसीलदार साहब बहरोड़। ..........प्रतिवादी

**<u>प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राज. काश्त अधि.</u>**

उपस्थित :–

1. श्री सुरेन्द्र सिंह आर्य अधिवक्ता वादी।

–: निर्णय :–

आज यह पत्रावली वास्ते आदेश हमारे समक्ष पेश हुई। फरीकेन के वकुलाय उपस्थित है। हमने पत्रावली का अध्ययन किया गया। यह है कि हम प्रार्थीगण वाके ग्राम हमजापुर तहसील बहरोड़ जिला अलवर राज० के रहने वाले है ओर नाम के राजस्व रिकार्ड की खातेदारी की आराजी जिसके हाल खसरा नम्बर 153 रकबा 0.40 है0 154 रकबा 1.11 है0, 1516 / 16 रकबा 0.46 है0, 1517 / 16 रकबा 0. 25 है0, 1518 / 22 रकबा 1.40 है0, 1519 / 22 रकबा 0.20 है0, 16 / 1565 रकबा 0. 04 है० गै.मु.चाह., 19 रकबा 2.10 है0, 20 रकबा 0.02 है0 गै.मु.चाह., 21 रकबा 0.19 है० गै.मु.आबादी, 22 / 1566 रकबा 0.044 है० गै.मु.रास्ता, 38 रकबा 0.60 है0, 41 रकबा 0.54 है0, 43 रकबा 0.84 है0, 44 रकबा 0.22 है0, 54 रकबा 0.10 है0, 55 रकबा 0.59 है0, 149 रकबा 0.62 है0, 247 रकबा 0.33 है0, 63 रकबा 0.41 हैक्टेयर वाके ग्राम हमजापुर तहसील बहरोड़ जिला अलवर राज. व आराजी खसरा नम्बर 315 रकबा 1.38 हैक्टेयर वाके ग्राम दहमी तहसील बहरोड़ एव आराजी खसरा नम्बर 908 रकबा 0.24 हैक्टेयर वाके ग्राम बहरोड़ तरफ गंगाबिशन तहसील बहरोड़ जिला अलवर राज० में स्थित है। हम प्रार्थीगण की वाके ग्राम हमजापुर, दहमी व बहरोड़ तरफ गंगाबिशन की खातेदारी की आराजी जिसके हाल उपरोक्त खसरा नम्बर के खाता संख्या 109, 276, 277, 278 के राजस्व रिकार्ड में हम प्रार्थीगण के नाम के खाता में खातेदार के कोलम में हमारा निवास स्थान चादीचाना तहसील बहरोड जिला अलवर राज० व खाता संख्या 12, 204 के राजस्व रिकार्ड में हम प्रार्थीगण के नाम के खाता मे खातेदार के कोलम में हमारा निवास स्थान बहरोड़ हाल आबाद हमजापुर तहसील बहरोड का अंकन किया हुआ है। जो गलत है जबकि हमारे सभी सरकारी दस्तावेजात जैसे रासन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, बैंक पास बुक में हमारा सही निवास स्थान वाके ग्राम मिनो की ढाणी हमजापुर तहसील बहरोड जिला अलवर राज० है। इस कारण से हमारे नाम के हाल राजस्व रिकार्ड में अकंन निवासी स्थान चादीचाना तहसील बहरोड़ जिला अलवर राज० व सा. देह बहरोड़ हाल आबाद हमजापुर तहसील बहरोड़ जिला अलवर राज० को कलमजन किया जाकर वाके ग्राम हमजापुर, [illegible], बहरोड़ तरफ गंगाबिशन तहसील बहरोड़ जिला अलवर राज० के हाल राजस्व [illegible] में सा० देह हमजापुर तहसील बहरोड किया जाना न्याय सगंत है। प्रार्थीगण

के सभी सरकारी दस्तावेजात जैसे राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड एव बैंक के खाता में भी हमारा सही निवास स्थान वाके ग्राम मीणो की ढाणी हमजापुर तहसील बहरोड जिला अलवर राज० है इस कारण से हाल राजस्व रिकार्ड वाके ग्राम हमजापुर, दहमी व बहरोड़ तरफ गंगाबिशन के खाता सख्या 109, 278, 277, 276,12, 204 में दर्ज निवास स्थान को कलमजन किया जाकर सही दस्तावेजात के आधार पर हाल राजस्व रिकार्ड को सही किया जाना लाजिम कानूनी है। प्रार्थीगण वाके ग्राम हमजापुर, दहमी व बहरोड़ तरफ गंगाबिशन तहसील बहरोड़ जिला अमघर, राज० के हाल राजस्व रिकार्ड के खाता सख्या 109, 278, 277, 276,12, 204 मे गलत निवास स्थान का अंकन कलम जन किया जाकर सही निवास स्थान वाके ग्राम मीणो की ढाणी हमजापुर तहसील बहरोड जिला अलवर राज० का हाल राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी एंव गिरदावरीजात मे अंकन का अमल दरामद किया जाना लाजिम कानूनी है। श्रीमान से निवेदन है कि हम प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर ताहाल वाके ग्राम हमजापुर के राजस्व रिकार्ड के खाता सख्या 109, 278, 277, 276 में हम प्रार्थीगण के नाम के खाता में खातेदार के कोलम में हमारा निवास स्थान चादीचाना तहसील बहरोड जिला अलवर राज० व वाके ग्राम दहमी के खाता सख्या 12 के राजस्व रिकार्ड में हम प्रार्थीगण के नाम के खाता में खातेदार के कोलम में हमारा निवास स्थान बहरोड़ हाल आबाद हमजापुर तहसील बहरोड़ एव वाके ग्राम बहरोड़ तरफ गंगाबिशन के खाता सख्या 204 के राजस्व रिकार्ड में हम प्रार्थीगण के नाम के खाता में खातेदार के कोलम में हमारा निवास स्थान बहरोड़ हाल आबाद हमजापुर तहसील बहरोड के अंकन का नोट कलमजन किया जाकर शुद्धिकर पालना मे वाके ग्राम मीणो की ढाणी हमजापुर तहसील बहरोड़ का हाल राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी, गिरदावरीजात मे अमलदरामत करवाये जाने के आदेश प्रदान करने की कृपा करे। आपकी अति कृपा होगी।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र का जवाब प्रस्तुत कर अनवेदन किया है कि प्रार्थना पत्र क्षेत्राधिकार से संबधित है शेष वादीगण स्वयं सिद्व करे बाबत अंकित किया है।

हमारे द्वारा वकील प्रार्थी की बहस सुनी तथा पत्रावली का अध्ययन किया गया। जामाबन्दी संवत 2074–2077 के खाता संख्या 109, 276, 277, 278, प्रार्थीणो के खातेदारी नाम के आगे सा. चांदीचाना खातेदार दर्ज है एवं जमाबन्दी संवत 2073–2076 के खाता संख्या 204 के खातेदारी नाम के आगे हाल आबाद हमजापुर खातेदार दर्ज है। ग्राम दहमी के जमाबन्दी में खाता संख्या 12 में प्रार्थीगण की सकनाय हमजापुर अंकित है। प्रार्थीगण के परिवार राशन कार्ड,मतदाता पंचायन पत्र, आधार कार्ड में वार्ड नम्बर 13 हमजापुर रेवाली बहरोड़ दर्ज है। जिस सूरत में हम प्रार्थीगण की ग्राम हमजापुर की जमाबन्दी में खाता संख्या 109, 276, 277, 278,204,12, प्रार्थीणो के खातेदारी नाम के आगे सा. चांदीचाना दर्ज है। ग्राम चांदीचाना के स्थान पर मीणो की ढाणी हमजापुर दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। अहकाम बनाम तहसीलदार बहरोड जारी किया जावे।

आज दिनांक 19/11/25 को यह निर्णय मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय सुनाया गया।

रामकिशोर मीना–II
(R.A.S.)
उपखण्ड अधिकारी
बहरोड़ (कोटपूतली-बहरोड)